टिप्पणी

# 11

# शिवराजविजय-यवन दुराचार

इस पाठ में योगिराज ब्रह्मचारीगुरू के मुख से यवन दुराचार के विषय में सुनते हैं। प्रारम्भ में कालकलाप, महामद का भारत आक्रमण महामद का सोमतीर्थ ध्वंस, महामद का राज्यध्वंस, यवन राज्य आरम्भ, दक्षिण प्रदेश में सनातन धर्म का रक्षक शिववीर, इत्यादि का इस पाठ में वर्णन है।

## उद्देश्य

इस पाठ को पढ़कर आप सक्षम होंगे :

- यवनों के दुराचार को जान पाने में;
- कालकलाप को जान पाने में;
- महामद के भारताक्रमण को समझ पाने में;
- महामद के राज्यध्वंस को जान पाने में;
- भारत में यवनों के राज्य आरम्भ को जान पाने में;
- दक्षिण प्रदेश में शिववीर के विषय में जान पाने में और;
- पाठ्यांश पदों के व्याकरण और पर्याय शब्दों को जान पाने में।

## 11.1 मूलपाठ

तत् संश्रुत्य भारतवर्षीय-दशा-संस्मरण-सआत-शोको हृदयस्थ-प्रसादसम्भारोद्गिरण-

श्रमेणेवातिमन्थरेण स्वरेण ''मा स्म धर्मर्ध्वसमन-घोषणैर्योगिराजस्य धैर्यमवधीरय'' इति कण्ठंरुन्ध तो वाष्पानविगणय्य, नेत्रे प्रमृज्य, उष्णं निःश्वस्य, कातराभ्यामिव नयनाभ्यां परितोऽवलोक्य ब्रह्मचारिगुरुः प्रवक्तुमारभत-

'भगवन्! दम्भोलिघटितेयं रसना, या दारुण-दानवोन्दन्तोदीरणैर्न दीर्य्यते, लोहसारमयं हृदयम्, यत् संस्मृत्य यावनान् परस्सहस्रान् दुराचारान् शतधा न भिद्यते, भस्मसाच्च न भवति। धिगस्मान्, येऽद्यपि जीवामः, श्वसिमः, विचरामः, आत्मन आर्य्यवंश्यांश्चाऽभिभन्यामहे'।

उपक्रममुमाकर्ण्य अवलोक्य च मुनेर्विमनायमानं हरिद्राद्रवक्षालितमिव वदनम्, निपतद्वारिबिन्दुनी नयने, अञ्चितरोमकञ्जुकं शरीरम्, कम्पमानमधरम्, भज्यमानं च स्वरं सकलपापमयः सकलोपद्रवमयश्चायं वृत्तान्तः' इति, अतएव तत्स्मरणमात्रेणापि खिद्यत एष हृदये, तन्नाहमेनं निरर्थं जिग्जलापयिषामि, न वा चिखेदयिषामि इति च विचिन्त्य-

'मुने! विलक्षणोऽयं भगवान् सकल-कला-कलाप-कलनः सकलकालनः करालः कालः। स एव कदाचित् पयःपूर-परितान्यकूपारतलानि मरूकरोति। सिंह-व्याघ्र-भल्लूक- गण्डक-फेरु-शश-सहस्रव्याप्तान्यरण्यानि जनपदीकरोति, मन्दिर-प्रासाद-हर्म्य- श्रृङ्गटक- चत्वरोद्यनतडागगोहमयानि नगराणि च काननीकरोति। निरीक्ष्यताम् कदाचिदस्मिन्नेव भारतवर्षे यायजूकै राजसूयादियज्ञा व्ययाजिषत, कदाचिदिहैव वर्षवाताऽऽतप-हिमसहानि तपार्सि अतापिषत। सम्प्रति म्लेच्छैर्गावो हन्यन्ते, वेदा विदीर्य्यन्ते, स्मृतयः समृद्यन्तेः मन्दिराणि मन्दुरीक्रियन्ते, सत्यः पात्यन्ते, सन्तश्च सन्ताप्यन्ते। सर्वमेतन्माहात्म्यं तस्यैव महाकालस्येति कथं धीरधौरेयोऽपि धैर्य विधुरयसि? शन्तिमाकलय्यातिसंक्षेपेण कथय यवनराजवृत्तान्तम्। न जाने किमित्यनावश्यकमपि शुश्रूषते में हृदयम्' इति कथयित्वा तूष्णीमवतस्थे।

अथ स मुनिः- ''धैर्येण प्रसादेन प्रतापेन तेजसा वीर्येण विक्रमेण श्रिया सौख्येन धर्मेण विद्यया च सममेव परलोंक सनाथितवति वीरविक्रमादित्ये, शनैः शनैः पारम्परिक-विरोध- विशिथिलीकृतस्नेहबन्ध नेषु राजसु, भामिनी-भ्रुभङ्ग-भूरिभाव-प्रभाव- पराभूत-वैभवेषु भटेषु, स्वार्थ-चिन्ता-सन्तान-वितानैकतानेष्वमात्यवर्गेषु, प्रशंसामात्रप्रियेषु, ''इन्द्रस्त्वं वरुणस्त्वं कुवेरस्त्वम् ''इति वर्णनामात्रसक्तेषु बुधजनेषु, कश्चन गजिनीस्थाननिवासी महामदो यवनः ससेनः प्राविशद् भारते वर्षे। स च प्रजा विलुण्ठय मन्दिराणि निपात्य, प्रतिमा विभिद्य, परश्शतन् जनांश्च दासीकृत्य शतश उष्ट्रेषु रत्नान्यारोप्य स्वदेशमनैषीत्।

एवं स ज्ञातास्वादः पौनःपुन्येन द्वादशवारमागत्य भारतमलुलुण्ठत्। तस्मिन्नेव च स्वसंरम्भे एकदा गुर्जरप्रदेशचूडायितं सोमनाथ-तीर्थमपि धूलीचकार। अद्य तु तत्तीर्थस्य नामापि केनापि न स्मर्यते, परं तत्स्मये तु लोकोत्तरं तस्य वैभवमासीत्। तत्र हि महाई-वैदुर्य-पद्मराग-माणिक्य-मुक्ताफलादिजटितानि कपाटानि स्तम्भन्, गृहावग्रहणीः, भित्तीः वलभीः विटङ्कानि च निर्मथ्य, रत्ननिचयमादाय शतद्वयमणसुवर्ण- श्रृङ्कलावलम्बिनीं चञ्चच्चाकचिक्य-चकितीकृतावलोचक-लोचन-निचयां महाघण्टां प्रसह्य सङ्गृह्य महादेवमूर्तावपि गदामुदतूतुलत्।

अथ ''वीर, गृहीतमखिलं वित्तम्, पराजिता आर्यसेनाः, बन्दीकृता वयम्, सञ्चतममलं यशः, इतोऽपि न शाम्यति ते क्रोधश्चेदस्मान् ताडय, मारय, छिनिध, भिन्धि, पातय, किन्तु त्यजेमाम् अकिञ्चित्करीं जडां महादेवप्रतिमाम्। यद्येवं न स्वीकरोषि तद् गृहाणोऽन्यदपि सुवर्णकोटिद्वयम्,

मैनां भगवन्मूर्ति स्प्राक्षीः'' इति साम्रेडं कथयत्सु रुदत्सु प्रणमत्सु च पूजकवर्गेषु नाहं मूर्तिर्विक्रकीणामि, किन्तु भिनद्‌मि इति सङ्‌गर्ज्य जनताजा हाहाकार-कलकलमाकर्णयन् घोरगदया मर्तिमतुत्रुटत्। गदापातसमकालमेव चानेकार्बुदपद्‌ममुद्रामूल्यानि रत्नानि मूर्तिमध्यादुच्छलितानि परितोऽवाकीर्यन्त। स च दग्धमुखः तानि रत्नानि मूर्तिखण्डानि च क्रमेलकपृष्ठेष्वारोप्य सिन्धुनदमुत्तीर्य स्वकीयां विजयध्वजिनीं गजिनीं नाम राजधनीं प्राविशत्।

अथ कालक्रमेण सप्ताशीत्युत्तरसहस्रतमे (1097) वैक्रमाब्दे सशोकं सकष्टञ्च प्राणांस्त्यक्तवति महामदे, गोरदेशवासी कश्चित् शहाबुद्‌दीननामा प्रथमं गजिनीदेशमाक्रम्य, महामदकुलं ध र्मराजलोकाध्वन्यध्वनीनं विधाय, सर्वा, प्रजाश्च पशुमारं मारयित्वा, तदुधिरार्द्रमृदा गोरदेशे बहून् गृहान् निर्माय चतुरङ्‌गयाऽनीकिन्या भारतवर्ष प्रविश्य, शीतलशोणितानप्यसयन् पञ्चाशदुत्तरद्वादशतमितेखब्दे (1250) दिल्लीमश्वयाम्बभूव।

ततो दिल्लीश्वरं पृथ्वीराजं कान्यकुब्जेश्वरं जयचन्द्रञ्च पारस्परिकविरोधज्वरग्रस्तं विस्मृतराजनीतिं भारतवर्षदुर्भाग्यायमाणमाकल-य्यानायासेनोभावपि विशस्य, वाराणसीपर्यन्तमखण्डमण्डल मकण्टकमकीटकिट्ट महारत्नमिव महाराज्यमङ्गीगचकार। तेन वाराणस्यामपि बहवोऽस्थिगिरयः प्रचिताः रिङ्‌गत्तरङ्‌गभङ्‌गा गङ्‌गाऽपि शोणितशोणा शोणीकृता, परस्सहस्राणि च देवमन्दिराणि भूमिसात्कृतानि।

तमारभ्याद्यावधि राक्षसा एव राजमकार्षुः दानवा एव च दीनानदीदलन्। अभूत् केवलम् अकबरशाह-नामा यद्यपि गूढशत्रुर्भारतवर्षस्य तथापि शान्तिप्रियो विद्वत्प्रियश्च। अस्यैव प्रपौत्रो मूर्तिमदिव कलियुगं गृहीतविग्रह इव चाधर्मः आलमगीरोपाधिधारी अवरङ्‌गजीवः सम्प्रति दिलीवल्ल्भतां कलङ्‌कयति। अस्यैव पताका केकयेषु, मत्स्येषु, मगधेषु, अङ्‌गेषु बङ्‌गेषु कलिङ्‌गेषु च दोधूयन्ते, केवलं दक्षिणदेशेऽधुनाऽप्यस्य परिपूर्णो नाधिकारः संवृत्तः।

दक्षिणदेशो हि पर्वतबहुलोऽस्ति अरण्यानीसङ्‌कुलश्चास्तीति चिरोद्योगेनापि नायमशकन्महाराष्ट्रकेसरिणो हस्तयितुम्। साम्प्रतमस्यैवाऽऽत्मीयो दक्षिणदेशशासकत्वेन 'शास्तिखान'-नामा प्रेष्यत इति श्रूयते। महाराष्ट्रदेशरत्नम्, यवन-शाणित-पिपासाऽऽकुलकृपाणः, वीरता-सीमान्तिनी-सीमन्त-सुन्दर-सिन्दूर-दान- देदीप्यमान-दोर्दण्डः, मुकुटमणिर्महाराष्ट्राणां, भूषणं भटानां, निधिर्नीतीनाम् कुलभवनं कौशलानां पारावारः परमोत्साहनां कश्चन प्रातःस्मरणीयः स्वधर्माऽऽकुलकृपाणः, वीरता-सीमन्तिनी-सीमन्त- सुन्दर-सान्द्र-सिन्दूर- दान-देदीप्यमान-दोर्दण्डः, मुकुटमणिर्महाराष्ट्राणां, भूषणं भटानां, निधिर्नीतीनाम् कुलभवनं कौशलानां परावारः परमोत्साहानां कश्चन प्रातःस्मरणीयः स्वध र्माऽऽग्रहग्रहग्रहिलः, शिव इव धृतावतारः शिववीरश्चास्मिन्पुण्यनगरान्नेदीयस्येव सिंहदुर्गे ससेनो निवसति। विजयपुराधीश्वरेण साम्प्रतमस्य प्रवृद्धवैरम्। 'कार्य वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्' इत्यस्य सारगर्भा महती प्रतिज्ञा। सतीनां, सतां त्रैवर्णिकस्य, आर्यकुलस्य, धर्मस्य भारतवर्षस्य च आशा-सन्तान-वितानस्यायमेवऽऽश्रयः। इयमेव वर्तमाना दशा भारतवर्षस्य। किमधिकम् विनिवेदयामो योगबलावगतसकलगोप्यतमवृत्तान्तेषु योगिराजेषु इति कथयित्वा विरराम।

## 11.2 मूलपाठ

तत् संश्रुत्य भारतवर्षीय-दशा-संस्मरण-सआत-शोको हृदयस्थ-प्रसादसम्भारोद्‌गिरण-

श्रमेणेवातिमन्थरेण स्वरेण ''मा स्म धर्मध्वंसमन-घोषणैर्योगिराजस्य धैर्यमवधीरय'' इति कण्ठरुन्ध तो वाष्पानविगणय्य, नेत्रे प्रमृज्य, उष्णं निःश्वस्य, कातराभ्यामिव नयनाभ्यां परितोऽवलोक्य ब्रह्मचारिगुरुः प्रवक्तुमारभत-

'भगवन्! दम्भोलिघटितेयं रसना, या दारुण-दानवोन्दन्तोदीरणैर्न दीर्य्यते, लोहसारमयं हृदयम्, यत् संस्मृत्य यावनान् परस्सहस्रान् दुराचारान् शतधा न भिद्यते, भस्मसाच्च न भवति। धिगस्मान्, येऽद्यपि जीवामः, श्वसिमः, विचरामः, आत्मन आर्य्यवंश्यांश्चाऽभिभन्यामहे'।

**अन्वयार्थ**- यह सुनकर, भारतवर्ष की दशा के स्मरण से उत्पन्न हुये शोक वाले, मानो हृदय में स्थित प्रसन्नता को व्यक्त करने के श्रम से अति मन्द स्वर से ''धर्म-विध्वंस की कथाओं से योगिराज के धैर्य को मत डिगाओ'', इस प्रकार (कहते हुये) गले को रुँधने वाले आँसुओं की चिन्ता न करके, नेत्रों को पोंछकर, गरम साँस लेकर, कातर हुये समान नेत्रों से चारों ओर देखकर ब्रह्मचारी के गुरु ने कहना आरम्भ किया- ''भगवन्! यह (मेरी) जिह्वा वज से बनी है, जो कि दारुण (भीषण) दानवों (यवनों) के वृतान्त के वर्णन से विदीर्ण (फट) नहीं हो जाती, हृदय लोहे का बना हुआ है, जो यवनों के हजारों दुराचारों का स्मरण करके टुकडे-टुकडे नहीं हो जाता और जलकर राख नहीं हो जाता। हम सबको धिक्कार है, जो आज भी जी रहे हैं, साँस ले रहे हैं, विचरण कर रहे हैं और अपने को आर्यो का वंशज मान रहे हैं''।

**व्याख्याः**- जब योगिराज ने भारतवर्ष की इस समय की स्थिति को जानने के लिए ब्रह्मचारीगुरु से पूछा। तब ब्रह्मचारीगुरु ने भारतवर्ष की यवनकृत अवस्था के वर्णन करने में अत्यन्त दुःख का अनुभव किया। अवस्था वर्णन काल में ब्रह्मचारीगुरु के हृदय में भारतीय की दशा का स्मरण करने से करुणा हुई। उसके मत में तो योगिराज को भी यह वर्णन धैर्य च्युत का कारण होगा। उसका भारतदशा वर्णन में कंठ आँसुओं से अवरुद्ध हो गया। फिर भी वह किसी प्रकार आँखों से आंसु गिराये बिना, आंखों को साफ करके दीर्घश्वास लिया। उस गुरु ब्रह्मचारी ने सकरुणसदृश्य आँखों से सभी ओर देखकर कहना आरम्भ किया-

ब्रह्मचारीगुरु ने यहाँ सनातन धर्म अवलम्बी आर्यो के विषय में खेद प्रस्तुत किया। उसने कहा कि उसकी जिह्वा वज्र से बनी है। अन्यथा तो भारतीयों पर दुष्ट यवनों के अत्याचार के वर्णन से वह जिह्वा कट जाती। इसी प्रकार आर्यों का हृदय भी वज्र के समान है। जो यवनों के अत्याचार को स्मरण करके भी टूटा नहीं और न ही वह हृदय अग्नि से जला। इस प्रकार आश्रमवासी भी निन्दित हैं क्योंकि इस यवन अत्याचार के समय में भी आर्यवंशी हम साभिमान जीवनधरण, श्वासधरण और संचरण कर रहे है।

## व्याकरण विमर्श -

संश्रुत्य-सम्पूर्वात् श्रृणोतेः ''समानकर्तृकयोः पूर्वकाले'' इति क्त्वाप्रात्यये ततः ''समासेखनञ्पूर्वे क्त्वोल्यप्'' इति ल्यपि रूपम्।

**भारतवर्षीयदशासंस्मरणसंजातशोकः**- भारतवर्षस्येति विग्रहे भारतवर्षशब्दात् छप्रत्यये छस्य ''आयनेयीनीनियय: फढखछघां प्रत्ययादीनाम्'' इति ईयादेशे भारतवर्षीयेति सिध्यति। भारतवर्षीया चासौ दशा चेति भारतवर्षीयदशा इति कर्मधारयसमासः। भारतवर्षीयदशायाः संस्मरणं भारतवर्षीयदशासंस्मरणमिति षष्ठीतत्पुरुषः। भारतवर्षीयदशासंस्मरणेन संजातः

टिप्पणी

भारतवर्षीयदशासंस्मरणसंजात: इति तृतीयातत्पुरुष:। भारतवर्षीयदशासंस्मरणसंजात: शोको यस्य स भारतवर्षीयदशासंस्मरणसंजातशोक: इति बहुव्रीहिसमास:।

हृदयस्थप्रसादसम्भारोद्गिरणश्रमेण–हृदये तिष्ठतीति विग्रहे हृदयोपपदे स्थाधातो: कप्रत्यये हृदयस्थशब्दो निष्पन्न:। हृदयस्थश्चासौ प्रसादसम्भारश्चेति हृदयस्थप्रसादसम्भार: इति कर्मधारयसमास:। तस्य उदिगरणं हृदयस्थप्रसाद-सम्भारोद्गिरणमिति षष्ठीतत्पुरुष:। तस्मिन् श्रम: हृदयस्थप्रसाद-सम्भारोद्गिरणश्रम:, तेन हृदयस्थप्रसादसम्भारोद्गिरणश्रमेण इति सप्तमीतत्पुरुष:।

**अवधीरय**– अवपूर्वाद् धृधातोर्लोटि मध्यमपुरुषैकवचने सिपि अवधीरय इति रूपम्।

**रुन्धत:**– रुध्धातो: शतृप्रत्यये पुंसि शसि रूपम्।

**अविगणय्य**– विपूर्वात् गणधातोर्णिचि ल्यपि विगणय्य इति रूपम्। न विगणय्य अविगणय्य इति।

**प्रमृज्य**– प्रपूर्वान्मृजे: क्त्वो ल्यपि प्रमृज्य इति रूपम्।

**अवलोक्य**– अवपूर्वात् लोकिधातो: क्तवो ल्यपि अवलोक्य।

**प्रवक्तुम्**– प्रपूर्वाद् वक्ते: तुमुनि प्रवक्तुम् इति रूपम्।

**आरभत**– आङ्पूर्वाद् रभते: लङि प्रथमपुरुषैकवचने रूपम्।

**दम्भोलिघटिता**– दम्भोलिना घटिता दम्भोलिघटिता इति तृतीयातत्पुरुष:।

**दारुणदानवोदन्तोदीरणै:**– दारुण: चामी दानवाश्च दारुणदानवा: इति कर्मधारयसमास:। दारुणदानवानाम् उदन्त: दारुणदानवोदन्त: इति षष्ठीतत्पुरुष:। दारुणदानवोदन्तस्य उदीरणानि, तै: दारुणदानवदन्तोदीरणै: इति षष्ठीतत्पुरुष:।

**भस्मसात:**– भस्मशब्दाद् विभाषा साति कार्त्स्न्ये इति सूत्रेण सातिप्रत्ययेन भस्मासात् इति निष्पन्नम्।

धिगस्मान् इत्यत्र धिक्शब्दयोगा द्वितीया– उभसर्वतसो: कार्या धिगुपर्यादिषु त्रिषु।
द्वितीयाम्रेडितान्तेषु ततोऽन्यत्रापि दृश्यते।। इति वार्तिकेन।

**कोष** – ''पुरोगम: पुरोगामी मन्दगामी तु मन्थर:'' इत्यमर:।
''चित्तं तु चेतो हृदयं स्वान्तं हृन्मानसं मन:'' इत्यमर:।
रसज्ञा रसना जिह्वा'' इत्यमर:।
''वार्ता प्रवृत्तिर्वृत्तान्त उदन्त: स्यात्'' इत्यमर:।

## पाठगत प्रश्न 11.1

1. आर्यों की जिह्वा कैसी है?
2. आर्यों का हृदय कैसा है?
3. दग्भोलिघटिता में समास बताएँ।

## 11.3 मूलपाठ

उपक्रमममुमाकर्ण्य अवलोक्य च मुनेर्विमनायमानं हरिद्राद्रवक्षालितमिव वदनम्, निपतद्वारिबिन्दुनी नयने, अंचितरोमकञ्जुकं शरीरम्, कम्पमानमधरम्, भज्यमानं च स्वरं सकलपापमयः सकलोपद्रवमयश्चायं वृत्तान्तः' इति, अतएव तत्स्मरणमात्रेणापि खिद्यत एष हृदये, तन्नाहमेनं निरर्थं जिग्जलापयिषामि, न वा चिखेदयिषामि इति च विचिन्त्य-

'मुने! विलक्षणोऽयं भगवान् सकल-कला-कलाप-कलनः सकलकालनः करालः कालः। स एव कदाचित् पयःपूर-परितान्यकूपारतलानि मरूकरोति। सिंह-व्याघ्र-भल्लूक-गण्डक-फेरु-शश-सहस्रव्याप्तान्यरण्यानि जनपदीकरोति, मन्दिर-प्रासाद-हर्म्य-श्रृङ्टक-चत्वरोद्यनतडागगोहमयानि नगराणि च काननीकरोति। निरीक्ष्यताम् कदाचिदस्मिन्नेव भारतवर्षे यायजूकै राजसूयादियज्ञा व्ययाजिषत, कदाचिदिहैव वर्षवाताऽऽतप-हिमसहानि तपांसि अतापिषत। सम्प्रति म्लेच्छैर्गावो हन्यन्ते, वेदा विदीर्य्यन्ते, स्मृतयः समृद्यन्तेः मन्दिराणि मन्दरीक्रियन्ते, सत्यः पात्यन्ते, सन्तृच सन्ताप्यन्ते। सर्वमेतन्माहात्म्यं तस्यैव महाकालस्येति कथं धीरधौरेयोऽपि धैर्य विधुरयसि? शन्तिमाकलय्यातिसंक्षेपेण कथय यवनराजवृत्तान्तम्। न जाने किमित्यनावश्यकमपि शुश्रूषते में हृदयम्' इति कथयित्वा तूष्णीमवतस्थे।

**अन्वयार्थ**- इस उपक्रम (भूमिका) को सुनकर और मुनि के हल्दी के रंग से रंगे हुए के समान (पीले) उदास चेहरे, आंसू बहाते हुए नयनों, रोमांचित शरीर, कम्पमान औष्ठ तथा लड़खड़ाते हुए स्वर को देखकर (योगीराज) जान गये कि यह सम्पूर्ण वृत्तान्त समस्त (अतिशय) अनर्थो, वंचनाओं, पापों तथा उपद्रवों से भरा है। इसलिए उसके स्मरण मात्र से इनका हृदय खिन्न हो रहा है, अतः मैं इनको व्यर्थ में मलिन नहीं करूंगा और न ही दुःखी करूंगा यह सोचकर -

(योगिराज ने कहना प्रारम्भ किया) ''मुने! सम्पूर्ण कलाओं के निर्माता तथा सभी के संहारक भगवान् महाकाल अत्यन्त विलक्षण हैं। वे ही कभी जलप्रवाह से पूर्ण समुद्रतल को मरूभूमि बना देते हैं। सहस्रों सिंहो, बाघों, भालुओं गैड़ों, श्रृगालों तथा खरगोशों से भरे हुए जंगल को नगर बना देते हैं तथा मन्दिरों, महलों, अट्टालिकाओं, चौराहों, उद्यानों, तालाबों तथा गौशालाओं से युक्त नगरों को जंगल बना देते है। देखिये, कभी-कभी भारतवर्ष में याज्ञिकों ने राजसूयादि यज्ञ किये थे, कभी यहीं वर्षा, आँधी धूप, सर्दी (हिमपात) आदि को सहन करके तपस्यायें की गई थीं। इस समय तो यवनों के द्वारा गायें मारी जा रही हैं, वेद की पुस्तकें फाड़ी जा रही हैं, स्मृतियाँ मर्दी जा रही हैं, मन्दिर घुडसाल बनाये जा रहे हैं सती स्त्रियाँ पतिता बनाई जा रही है और सन्तों को सन्तप्त किया जा रहा है। यह सब कुछ उसी महाकाल का प्रभाव है (तब) आप धीरध्रुरी होते हुए भी क्यों धैर्य खो रहे है? शान्त होकर अतिसंक्षेप से यवन राज्य के वृत्तान्त को कहिए। न जाने क्यों, अनावश्यक होते हुए भी मेरा मन (हृदय) इसे सुनने की इच्छा कर रहा है'' यह कहकर (योगिराज) शान्त हो गये।

**व्याख्या**- उपक्रम को सुनकर देखकर ब्रह्मचारियों के आचार्य का मुख लाल, नेत्र अश्रुयुक्त, शरीर रोमांचित, कम्पायमान औष्ठ, और अवरूद्ध (कंठ) को देखकर महामुनि ने यवनात्याचार का वृतान्त अत्यन्त दुःखदायक है यह जाना। उसके बाद मुनिवर ने ब्रह्मचारियों के गुरु के प्रति कहा, वस्तुत काल की गति अनुपमेय है। काल के चक्र से सम्पूर्ण संसार नियन्त्रित होता

है। सब कुछ वस्तुत: काल के अधीन है काल की दो प्रकार की मूर्ति है सृजनात्मिका और ध्वंसात्मिका। जैसे ही वह काल इस प्रथ्वी में रम्यता को धारण करता है वैसे ही वह निर्दय सब को धूलिसात करता है। वह क्षणभर से जंगलों को जनपद बना देता है। और अगले ही पल में नगरों को जंगल बना देता है। पहले काल के प्रसाद से भारत वर्ष में वेद स्मृति पुराण आदि के अनुशीलन परम्परा थी। अब काल के वशीभूत वह सब नष्ट हो गया। तट प्रताप क समान काल की कृति क्षणभंगुर होती है। अतएव कालवंशीभूत होने से सनातन धर्म को पीडा होती है। यह सोचकर धर्म धारण करना चाहिए। क्योंकि चक्र के समान दु:ख और सुख होते हैं।

### व्याकरणविमर्श–

**विमनायमानम्**– विगतं मन: यस्य स विमना: इति बहुव्रीहि:। विमना:। इव आचरतीति विमन:शब्दात् क्यचि शनचि पुंसि अमि रूपम्।

**हरिद्राद्रवक्षालितम्**– हरिद्राया: द्रव: हरिद्रादव: इति षष्ठीतत्पुरुष:। तेन शालितं हरिद्राद्रवक्षालितम् इति तृतीयातत्पुरुष:।

**निपतद्वारिबिन्दूनी**– निपतन्तो वारिबिन्दवो याभ्यां ते निपतद्वारि–बिन्दूनी इति बहुव्रीहि:। वारिणां बिन्दव: वारिबिन्दव: इति षष्ठीतत्पुरुष:।

**अञ्चितरोमकंचुकम्**– रोमाणां कञ्चुका: रोमकंचुका: इति षष्ठीतत्पुरुष:। अचिता: रोमकंचुका: यत्र तदिति बहुव्रीहि:।

**जिग्लापयिषामि**– ग्लै हर्षक्षये इति धातो: पुकि णिचि सनि लटिमिपि रूपम्।

**चिखदिषामि**– खिदेर्णिचि सनि मिपि रूपम्।

**सकलकलाकलापकलन**– सकला या कला: सकलकला: इति कर्मधारय:। सकलकलानां कलाप: सकलकलाकलाप: इति षष्ठीतत्पुरुष:। तस्य कलन: सकलकलाकलापकलन: इति षष्ठीतत्पुरुष:।

**सकलकलन**– सकलानां कलन: इति षष्ठीतत्पुरुष:।

**पय:पूरपूरितानि**– पयसां पूर: पय:पूर: इति षष्ठीतत्पुरुष:। तेन पूरितानि पय: पूनितानि इति तृतीयातत्पुरुष:।

**काननीकरोति**– अकाननि काननानि करोति इति काननशब्दाद् अभूततद्भावे च्वौ, कृधातोर्लटि तिपि इति रूपम्।

**कोष** – ''कलापो भूषणे बर्हे तूणीरे संहतावपि'' इत्यमर:।
कालो मृत्यौ महाकाले'' इत्यमर:।
'' शृङ्टकचतुष्पथे'' इत्यमर:।
'इज्याशीलो यायजूको यज्वा तु विधिगेष्टवान्'' इत्यमर:।

टिप्पणी

## पाठगतप्रश्न 11.2

4. यवनदुराचार वृतान्त कैसा था?

5. काल कैसा है?

6. काल कैसे अरण्य को जनपद बनाता है?

7. काल कैसे नगरों को अरण्य बनाता है?

## 11.4 मूलपाठ

**अथ स मुनि**- 'धैर्येण प्रसादेन प्रतापेन तेजसा वीर्येण विक्रमेण श्रिया सौख्येन धर्मेण विद्यया च सममेव परलोंक सनाथितवति वीरविक्रमादित्ये, शनैः शनैः पारम्परिक-विरोध-विशिथिलीकृतस्नेहबन्धनेषु राजसु, भामिनी-भ्रुभङ्ग-भूरिभाव-प्रभाव-पराभूत-वैभवेषु भटेषु, स्वार्थ-चिन्ता-सन्तान- वितानैकतानेष्वमात्यवर्गेषु, प्रशंसामात्रप्रियेषु, ''इन्द्रस्त्वं वरुणस्त्वं कुवेरस्त्वम् ''इति वर्णनामात्रसक्तेषु बुधजनेषु, कश्चन गजिनीस्थाननिवासी महामदो यवनः ससेनः प्राविशद् भारते वर्षे। स च प्रजा विलुण्ठय मन्दिराणि निपात्य, प्रतिमा विभिद्य, परश्शतन् जनांश्च दासीकृत्य शतश उष्ट्रेषु रत्नान्यारोप्य स्वदेशमनैषीत्।

**अन्वयार्थ**- इसके बाद उन मुनि ने कहना आरम्भ किया- ''भगवान्! धेर्य, प्रसन्नता, प्रताप, तेज, बल, विक्रम, शान्ति, लक्ष्मी, सुख, धर्म और विद्या के साथ ही श्रेष्ठ और विक्रमादित्य के परलोक को सनाथित करने पर (स्वर्ग चले जाने पर), धीरे-धीरे- राजाओं के परस्पर विरोध के कारण स्नेह बन्धन के शिथिल (कमजोर) हो जाने पर, वीरों को कामिनियों के कटाक्षों और हाव-भाव के प्रभाव में आने से सम्पूर्ण सम्पत्ति के नष्ट कर देने पर, अमात्यों (मंत्रियों) के एकमात्र स्वार्थ की चिन्ता में परायण हो जाने पर (लग जाने पर), राजाओं के प्रशंसामात्र के प्रेमी हो जाने पर और विद्वानों के 'तुम इन्द्र, तुम वरुण हो, तुम कुबेर हो'' इस प्रकार के वर्णनों में आसक्त हो जाने पर कोई गजनी स्थान का निवासी महामदशाली (महमूद गजनवी नामक) यवन, सेना के सहित भारतवर्ष में प्रवेश किया। वह प्रजा को लूटकर, मन्दिरों को गिराकर, प्रतिमाओं को तोड़कर सैकड़ों लोगों को दास बनाकर सैकड़ो ऊँटों पर रत्नों को लादकर अपने देश ले गया।

**व्याख्या**- यहां महामद के भारत आक्रमण और सोमनाथ मन्दिर को लूटने का वर्णन है। जब धैर्य, प्रसन्नता, प्रताप, तेज, विक्रम धर्म इत्यादि गुणों का आश्रय विक्रमादित्य स्वर्ग लोक गये तब कोई गजनी नामक स्थान के राजा महामद सेना का लेकर भारतवर्ष आया। वह भारतीयों को मारकर, मन्दिर और प्रतिमाओं को नष्ट करके, बहुत से लोगों को दास बनाकर, बहुत से रत्नों को बल से स्वीकार करके अपनी राजधानी गजनी की ओर गया।

### व्याकरण कोष -

**सनाथितवति**-नाथेन सह वर्तते सनाथ इति सहाथबहुव्रीहिः। सनाथं करोति सनाथयति। ततः

ण्यन्तात् सनाथे: क्तवतुप्रत्यये तत: सप्तम्यां ङो सनाथितवति इति रूपम्।

**पारस्परिकविरोधविशिथिलीकृतस्नेहबन्धनेषु**-पारस्परिको विरोध: कर्मधारयसमास:। तेन विशिथिलीकृत: इति तृतीयातत्पुरुष:। स्नेहस्य बन्धनमिति षष्ठीतत्पुरुष:। पारस्परिकविरोधविशिथिलीकृतं स्नेहबन्धनं येषां ते पारस्परिकविरोधविशिथीलकृतस्नेहबन्धना: इति बहुव्रीहि:, तेषु।

**प्रशांसामात्रप्रियेषु**-प्रशंसा एव प्रशंसामात्रम् इति नित्यसमास:। प्रशंसामात्रं प्रियं येषां ते प्रशंसामात्रप्रिया: इति बहुव्रीहि:, तेषु।

**वर्णनामत्रसकेषु**-वर्णना एव वर्णनामात्रम् इति नित्यसमास:। तत्र सक्तेषु वर्णनामात्रसक्तेषु इतिा सप्तमीतत्पुरुष:।

**गजिनीस्थाननिवासी**-गजिनीनामक स्थान गजिनीस्थानमिति शकपार्थिवादिवत्समास:। तत्र निवासी इति सप्तमीतत्पुरुष:।

**कोष** - ''शङक: स्यात्कम्बुरस्त्रियाम्'' इत्यमर:।

## पाठगत प्रश्न 11.3

8. विक्रमादित्य किसके साथ स्वर्ग गये?
9. गजनी स्थान वासी में समास बताइए।
10. राजाओं का परस्पर वैर बढ़ा तब किसने आक्रमण किया?
11. भारतवर्ष पर आक्रमण के बाद महामद ने क्या किया?

## 11.5 मूलपाठ

एवं स ज्ञातास्वाद: पौन:पुन्येन द्वादशवारमागत्य भारतमलुलुण्ठत्। तस्मिन्नेव च स्वसंरम्भे एकदा गुर्जरप्रदेशचूडायितं सोमनाथ-तीर्थमपि धूलीचकार। अद्य तु तत्तीर्थस्य नामापि केनापि न स्मर्यते, परं तत्स्मये तु लोकोत्तरं तस्य वैभवमासीत्। तत्र हि महाई-वैदुर्य-पप्मराग-माणिक्य-मुक्ताफलादिजटितानि कपाटानि स्तम्भन्, गृहावग्रहणी:, भित्ती: वलभी: विटङ्कानि च निर्मथ्य, रत्ननिचयमादाय शतद्वयमणसुवर्ण-श्रृङ्कलावलम्बिनीं चञ्चच्चाकचिक्य-चकितीकृतावलोचक-लोचन-निचयां महाघण्टां प्रसह्य सङ्गृह्य महादेवमूर्तावपि गदामुदतूतुलत्।

**अन्यवार्थ**- इस प्रकार स्वाद को जानने वाला (यह यवनराज) बार-बार यहाँ आकर भारतवर्ष को बारह बार लूटा। अपने उन्हीं आक्रमणों में एकबार उसने गुजरात देश के आभूषण के समान सोमनाथ तीर्थ को भी धूलि में मिला दिया।

आज तो उस तीर्थ का नाम भी किसी के द्वारा स्मरण नहीं किया जाता, किन्तु उस समय तो उसका वैभव लोकोत्तर था। वहाँ पर बहुमूल्य वैदूर्य (मूंगा), पद्मराग, हीरे और मोतियों से जड़े किवाड़ों को तथा खम्बों, देहलियों, दीवारों बल्लियों और विटड्कों (कबूतरों के दरबों)

को मथ कर (सम्पूर्ण) रत्नराशि को लेकर, दो सौ मन सोने की जंजीर में लटकने वाले तथा दैदीप्यमान चाकचिक्य से दर्शकों के नेत्रों को चकाचौंध कर देने वाले महाघंटा को भी बलात् (जबर्दस्ती) प्राप्त करके महादेव की मूर्ति पर भी (उस महमूद) ने गदा उठाई।

**व्याख्या**- एक बार भारत को लूटने के बाद महामद का लोभ बढ़ गया। अतः उसने बारह बार भारत पर आक्रमण किया। एक बार उसने गुर्जरप्रदेश के सोमनाथ मन्दिर को लूटा। आज उस तीर्थ का वैसा नाम नहीं है परन्तु प्राचीन तीर्थो में प्रसिद्ध था। उस मन्दिर के द्वार, और स्तम्भ बहुमूल्य वैदूर्य पद्मराग मणि- माणिक्य आदि रत्नों से निर्मित थे। न केवल यह हीं अपितु वहां जो ग्रह मन्दिर की भित्ति थी वे सब मणिमुक्तादि से युक्त थे। मन्दिर की देहली के अन्दर सैकड़ो पद्म परागादि बहुमूल्य रत्नों को स्थापित किया गया था। महामद ने उन सब का विनाश करके ले गया। उस मन्दिर में एक घण्टा था वह दो सौ मन सोने से निर्मित था उसकी उज्जवलता को देखकर सभी चकित थे। उस महाघण्टा को भी स्वीकार करके तथा उसने गदा से महादेव की मूर्ति को नष्ट किया।

## व्याकरण विमर्श -

**स्वप्नजालपरतन्त्रेण**- स्वप्न एव जालं स्वप्नजालमिति कर्मधारयसमासः। तस्य परतन्त्रेण स्वप्न एव जालं स्वप्नजालमिति कर्मधारयसमासः। तस्य परतन्त्रेण स्वप्नजालपरतन्त्रेण इति षष्ठीतत्पुरुषसमासः।

**ज्ञातास्वाद**- ज्ञात आस्वादः येन स ज्ञातास्वादः इति बहुव्रीहिसमासः।

**गुर्जरदेशचूडायितम्** - गुर्जरदेशस्य चूडायतिं गूर्जरदेशचूडायितम् इति षष्ठीतत्पुरुषः।

वैदूर्यपद्मरागमणिक्यमुक्ताफलानि इति इतरेतरद्वन्द्वसमासः। तैः जटितानि इति तृतीयातत्पुरुषः।

**रत्ननिचयम्** - रत्नानां निचयः रत्ननिचयः, तमिति षष्ठीतत्पुरुषः।

**कोष** - ''कालो दिष्टोऽप्यनेहापि समयः'' इत्यमरः।
''स्तम्भौ स्थूणाजडीभावौ'' इत्यमरः।
''गोपानसी तु वलभी'' इत्यमरः।
''वामदेवो महादेवो विरूपाक्षस्विलोचनः'' इत्यमरः।

## पाठगत प्रश्न 11.4

12. महामद ने कितनी बार भारत को लूटा?
13. महामद ने किसको धूलीसात किया?
14. महामद ने सोमनाथ के कैसे घण्टों को स्वीकार किया?
15. गुर्जरदेशचुडायितम् में समास बताइए।

## 11.6 मूलपाठ

अथ ''वीर, गृहीतमखिलं वित्तम्, पराजिता आर्यसेनाः, बन्दीकृता वयम्, सञ्चतममलं यशः, इतोऽपि न शाम्यति ते क्रोधश्चेदस्मान् ताडय, मारय, छिनिध, भिन्धि, पातय, किन्तु त्यजेमाम् अकिञ्चित्करीं जडां महादेवप्रतिमाम्। यद्येवं न स्वीकरोषि तद् गृहाणोऽन्यदपि सुवर्णकोटिद्वयम्, मैनां भगवन्मूर्ति स्प्राक्षीः'' - इति साम्रेडं कथयत्सु रुदत्सु प्रणमत्सु च पूजकवर्गेषु नाहं मूर्तिर्विक्रकीणामि, किन्तु भिनद्मि इति सङ्ज्र्य जनताजा हाहाकार-कलकलमाकर्णयन् घोरगदया मर्तिमतुत्रुटत्। गदापातसमकालमेव चानेकार्बुदपद्ममुद्रामूल्यानि रत्नानि मूर्तिमध्यादुच्छलितानि परितोऽवाकीर्यन्त। स च दग्धमुखः तानि रत्नानि मूर्तिखण्डानि च क्रमेलकपृष्ठेष्वारोप्य सिन्धु नदमुत्तीर्य स्वकीयां विजयध्वजिनीं गजिनीं नाम राजधानीं प्राविशत्।

**अन्वयार्थः**- इसके बाद- ''हे वीर! तुमने सब धन ले लिया, आर्य सेना को पराजित कर दिया, हम सब को बन्दी बना लिया, निर्मल यश अर्जित कर लिया, यदि इतने पर भी तुम्हारा क्रोध शान्त नहीं हुआ तो हम सबको पीटो, मारो, चीर डालो, काट डालो (पहाड़ से) नीचे गिरा दो, (समुद्र में) डुबो दो, टुकडे-टुकडे कर डालो, जला दो, किन्तु इस कुछ न करने वाली महादेव की जड़ प्रतिमा को छोड़ दो। यदि ऐसा भी स्वीकार न हो तो इस से दो करोड़ स्वर्ण मुद्रायें और ले लो, रक्षा करो, इस भगवान् शंकर की मूर्ति का स्पर्श मत करो।'' इस प्रकार (मन्दिर के पुजारियों के) बार-बार कहने पर, रोने पर (पैरों) पड़ने पर, (भूमि में) लोटने पर और प्रणाम करने पर ''मैं मूर्ति बेचता नहीं हूँ किन्तु तोड़ता हूँ'' इस प्रकार गरजकर जनता के हाहाकार के कोलाहल को सुनता हुआ (अपनी) भीषण गदा से (महमूद गजनवी ने) मूर्ति को तोड़ दिया। गदा के प्रहार के साथ ही अनेक अरब पद्म मुद्रा के मूल्य के रत्न मूर्ति के मध्य से उछले और चारों ओर फैल गये और यह दग्धमुख (मुंहजला) उन, रत्नों और मूर्ति के टुकड़ों को ऊँट की पीठ पर लाद कर सिन्धु नदी उतर कर अपनी विजय-पताका वाली 'गजनी' राजधानी में प्रवेश किया।

**व्याख्या**- महादेव के विग्रह में गदा प्रहार से पूर्व में ही वहां स्थित पूजकों ने महामद को प्रार्थना की, कि उसने सब कुछ स्वीकार किया। आर्यसेना पराजित हुई अतः महामद उनको पीटे, मारे, चीरे, पर्वतादि ऊँचाई से नीचे फेंके परन्तु महादेव की मूर्ति को स्पर्श नहीं करे। पूजको ने उसको दो करोड़ स्वर्ण देने की इच्छा की। परन्तु महामद ने कहा मै मूर्ति का विक्रय नहीं करता हूँ। परन्तु उसको तोडूंगा। इस प्रकार कहकर वह लोगों की क्रन्दक ध्वनि की अवज्ञा करके भीषण गदा से महादेव की मूर्ति पर गदा से प्रहार किया। जब महामद ने गदा से महादेव की मूर्ति पर प्रहार किया तब उससे बहुमूल्य रत्न चारों ओर फैल गये। वह पापी उन रत्नों और महादेव की मूर्ति के खण्डों को ऊँट की पीठ पर स्थापित करके अपनी राजधानी गजनी ले गया।

### व्याकरण विमर्श

- **आर्यसेनाः**- आर्याणां सेनाः आर्यसेनाः इति षष्ठीतत्पुरुषः।
- **सुवर्णकोटिद्भयम्**- सुवर्णस्य कोटिद्भयं सुवर्णकोटिद्भयम् इति षष्टीतत्पुरुषः।

- **हाहाकारकलकलम्**- हाहाकारं च कलकलं च हाहाकारकलकलम् इति द्भन्द्भसमासः।
- **दग्धमुखः**- दग्धं मुखं यस्य स दग्धमुखः इति बहुव्रीहिसमासः।

**कोष** - ''शङ्गः स्यात्कम्बुरस्त्रियाम्'' इत्यमरः।
''विश्वमशेषं कृत्स्नं समस्तनिखिलाखिलानि निःशेषम्'' इत्यमरः।
''द्रव्यं वित्तं स्वापतेयं रिक्थमृक्थं धनं वसु'' इत्यमरः।
''ध्वजिनी वाहिनी सेना पृतनाऽनीकिनी चमूः'' इत्यमरः।
''यशः कीर्तिः समज्ञा च'' इत्यमरः।

## पाठगतप्रश्न 11.5

16. शिवमूर्ति के स्पर्श को रोकने पर महामद ने क्या कहा?
17. मूर्ति पर गदा प्रहार से क्या हुआ?
18. दग्धमुखः में समास बताइए।

## 11.7 मूलपाठ

अथ कालक्रमेण सप्ताशीत्युत्तरसहस्रतमे (1087) वैक्रमाब्दे सशोकं सकष्टञ्च प्राणांस्त्यक्तवति महामदे, गोरदेशवासी कश्चित् शहाबुद्दीननामा प्रथमं गजिनीदेशमाक्रम्य, महामदकुलं धर्मराजलोकाध्वन्यध्वनीनं विधाय, सर्वा, प्रजाश्च पशुमारं मारयित्वा, तदुधिरार्द्रमृदा गोरदेशे बहून् गृहान् निर्माय चतुरङ्गियाऽनीकिन्या भारतवर्षं प्रविश्य, शीतलशोणितानप्यसयन् पञ्चाशदुत्तरद्वादशतमितेऽब्दे (1250) दिल्लीमश्वयाम्बभूव।

**अन्वयार्थ**- तदनन्तर, कालक्रम से विक्रम संवत् 1087 ई में कष्ट और शोक के साथ महमूद के प्राण त्याग देने पर 'गोरदेश' निवासी कोई शहाबुद्दीन नामक (यवन) पहले गजनी देश पर आक्रमण करके महमूद (गजनबी) के वंशजों की धर्मराज के लोक के पथ का पथिक बनाकर, सभी प्रजाजनों को पशुओं के समान मारकर, उन्हीं के रुधिर से गीली मिट्टी से गोरदेश में बहुत से घर बनाकर, चतुरङ्गिणी सेना के साथ भारतवर्ष में प्रवेश करके शीतल रक्त वाले (युद्ध की इच्छा न रखने वाले भारतीयों को भी) तलवार का निशाना बनाते हुए 1250 ई में दिल्ली को अश्वरोहियों (घुड़सवारों) से घेर लिया।

**व्याख्या**- 1087 ई. में महामद की मृत्यु के बाद गोरदेशवासी शहाबुद्दीन नामक गजनी राजधानी जाकर महामद वंशीय शासकों को मार दिया। उसके बाद प्रजाजनों को पशुवत् हरण करके अनेक सैन्य सहित भारतवर्ष में प्रवेश किया। वहां लोगो को अपनी तलवार से मारते हुए 1250 विक्रम संवत् में उसने दिल्ली पर अधिकार किया।

टिप्पणी

**व्याकरण विमर्श-**

**शहाबुद्दीननामा**- शहाबुद्दीनः नाम यस्य स शहाबुद्दीननामा इति बहुव्रीहिः।

**पशुमारम्**- पशूपपदे मृधातोः "उपमाने कर्मणि च" इत्यनेन सूत्रेण णमुलि पशुमारम् इति रूपम्।

**तद्भुधिरार्द्रमृदा**- तेषां रुधिराणि तद्भुधिराणि इति षष्ठीतत्पुरुषः। तैरार्द्रमिति तृतीयातत्पुरुषः। तादृशी मृद्, तया इति कर्मधारयः।

**शीतलशोणितान्**- शीतलानि शोणितानि येषां ते शीतलशोणिताः, तान् इति बहुव्रीहिसमासः।

**अश्वयाम्बभूव**- तेनातिक्रामतीर्त्ये अश्वशब्दात् णिचि ततश्च लिटि भूधातोरनुप्रयोग आमि प्रथमपुरुषैकवचने अश्वयाम्बभूव इति रूपम्।

**कोष** - "हस्त्यश्वरथपादातं सेनाङ्गं स्याच्चतुष्टयम्" इत्यमरः।
"अध्वनीनोऽध्वगोऽध्वन्यः पान्थः पथिक इत्यपि" इत्यमरः।
"संवत्सरोऽब्दो हायनोऽस्त्री शरत्समाः" इत्यमरः।

## पाठगत प्रश्न 11.6

19. महामद कब मरा?

20. महामद की मृत्यु के बाद दिल्ली का राजा बना?

21. शहाबुद्दीन कब दिल्ली का राजा बना?

22. शीतलशोणितान् में समास बताइए।

## 11.8 मूलपाठ

ततो दिल्लीश्वरं पृथ्वीराजं कान्यकुब्जेश्वरं जयचन्द्रञ्च पारस्परिकविरोधज्वरग्रस्तं विस्मृतराजनीतिं भारतवर्षदुर्भाग्यायमाणमाकल-य्यानायासेनोभावपिविशस्य, वाराणसीपर्यन्तमखण्डमण्डलमकण्टक मकीटकिट्टं महारत्नमिव महाराज्यमङ्गीगचकार। तेन वाराणस्यामपि बहवोऽस्थिगिरयः प्रचिताः रिङ्गत्तरङ्गभङ्गा गङ्गाऽपि शोणितशोणा शोणीकृता, परस्सहस्राणि च देवमन्दिराणि भूमिसात्कृतानि। स एव प्राधान्येन यावनराज्याङ्कुरारोपकोऽभूत्। तस्यैव च कश्चित् क्रीतदासः कुतुबुद्दीननामा प्रथमभारतसम्राट संजातः।

**अन्यवार्थ**- तत्पश्चात् दिल्ली के राजा पृथ्वीराज और कन्नौज के राजा जयचन्द के पारस्परिक विरोधज्वर से ग्रस्त, राजनीति को भूले हुए तथा भारतवर्ष के आने वाले दुर्भाग्य को समझकर अनायास ही, दोनों को (पृथ्वीराज और जयचन्द को) मारकर, वाराणसी तक अखण्ड, निष्कण्टक तथा कीट और मल से रहित, महारत्न के समान (इस) महाराज्य को अपने अधिकार में कर लिया। उसने वाराणसी में भी हड्डियों के अनेक पहाड़ बना दिये। चंचल

तरंगों वाली गंगा को भी रक्त से रंग कर लाल (रक्त) वर्ण का कर दिया और हजारों देव-मन्दिरों को धूलि में मिला दिया।

उसने ही मुख्यत: भारतवर्ष में यवन-राज्य का बीजारोपण किया। और उसी का कोई एक 'कुतुबुद्दीन' नामक गुलाम भारतवर्ष का प्रथम सम्राट् हुआ।

**व्याख्या**- शत्रु छिद्र का आश्रय लेकर प्रवेश करते है। पृथ्वीराज और जयचन्द्र के भेदच्छेद का आश्रय लेकर शहाबुद्दीन यवनराज ने भारत पर आक्रमण किया। उसने सभी भारतीयों को पराजित करके अपने राज्य को निष्कष्टक किया। शाहबुद्दीन ने काशीनगरी में अस्थि पर्वत निर्मित किया। तरंगबहुल भागीरथी गंगा को भी रक्तरंजित किया। हजार से अधिक देवालयों को खण्डित किया। शहाबुद्दीन ने ही प्रधान रूप से भारत वर्ष में यवन शासन का अंकुररोपण किया। शहाबुद्दीन का ही कुतुबुद्दीन नामक अनुचर भारत वर्ष का प्रथम शासक हुआ।

### व्याकरण विमर्श -

**विस्मृतराजनीतिम्**- विस्मृता राजनीति: येन स विस्मृतराजनीति:, तमिति बहुव्रीहिसमास:।

**विशस्य**- विपूर्वात् शसे: क्त्वोर्ल्यपि विशस्य इति रूपम्।

**रिङ्गत्तरङ्गभङ्गा**– तरङ्गाणां भङ्गा: तरङ्गभङ्गा इति षष्ठीतत्पुरुष:। रिङ्गन्त: तरङ्गभङ्गा यस्या: सा रिङ्गत्तरङ्गभङ्गा इति बहुव्रीहि:।

**कोष** - ''किट्टं मलेऽस्त्रियाम्'' इत्यमर:।
''कीकसं कुल्यमस्थि च'' इत्यमर:।
''भङ्गस्तरङ्ग ऊमिर्वा स्त्रियां वीचि:'' इत्यमर:।

### पाठगत प्रश्न 11.7

23. यवनकाल में दिल्लीश्वर कौन थे?
24. यवनकाल में कान्यकुब्जेश्वर कौन थे?
25. शहाबुद्दीन ने गंगा को कैसा बनाया?
26. यवनशासन का भारत में अंकुरण किसने किया?
27. भारत का प्रथम यवनराज कौन था?
28. रिंगत्तरंगभंगा में समास बताइए।

## 11.9 मूलपाठ

तमारभ्याद्यावधि राक्षसा एव राजमकार्षु: दानवा एव च दीनानदीदलन्। अभूत् केवलम् अकबरशाह-नामा यद्यपि गूढशत्रुर्भारतवर्षस्य तथापि शान्तिप्रियो विद्वत्प्रियश्च। अस्यैव प्रपौत्रो

मूर्तिमदिव कलियुगं गृहीतविग्रह इव चाधर्मः आलमगीरोपाधिधारी अवरङ्गजीवः सम्प्रति दिलीवल्ल्भतां कलङ्कयति। अस्यैव पताका केकयेषु, मत्स्येषु, मगधेषु, अङ्गेषु बङ्गेषु कलिङ्गेषु च दोधूयन्ते, केवलं दक्षिणदेशेऽधुनाऽप्यस्य परिपूर्णो नाधिकारः संवृत्तः।

**अन्यवार्थ**- उसी से लेकर आज तक राक्षसों ने ही राज्य किया। दानवों ने ही दीनों की हत्या की। केवल अकबर नामक बादशाह यद्यपि भारत वर्ष का गूढ शत्रु था, तथापि वह शांतिप्रिय और विद्वानों का आदर करने वाला था। उसी का प्रपौत्र मूर्तिमान कलियुग के समान तथा साक्षात् शरीरधारी अधर्म के समान आलमगीर की उपाधि को धारण करने वाला 'औरंगजेब' इस समय दिल्ली के शासन को कलंकित कर रहा है। इसी की पताका पंजाब, राजपूत, मगध, अङ्ग, बङ्ग और कलिङ्ग में फहरा रही है। केवल दक्षिण में इस समय भी इसका पूरा अधिकार नहीं हुआ है।

**व्याख्या**- कुतुबुद्दीन से आरम्भ होकर इस समय तक यवनराज्य है यह ब्रह्मचारीगुरु ने बताया। दुष्ट यवनशासकों में एक अकबर शाह नामक राजा शान्तिप्रिय था। उसका प्रपोत्र अत्यन्त दुष्ट राजा शासन कर रहा था। उसका ध्वज केकेय, मत्यस्य, मगध, अंग, वंग, कलिग आदि देशों में फैल रहा था। केवल दक्षिण प्रदेश में अवरंगजीब (औरंगजेब) का पूर्ण अधिकार नहीं था।

**व्याकरण विमर्श -**

- **गूढशत्रु** - गूढश्चासौ शत्रुश्च गुढशत्रुः इति कर्मधारयः।
- **विद्वत्प्रिय** - विद्वांसः प्रिया यस्य स विद्वत्प्रियः इति बहुव्रीहिः।
- **गृहीतविग्रह** - गृहीतो विग्रहो येन स गृहीतविग्रहः इति बहुव्रीहिः।
- **अदीदलन्** - दल विदारणे इति धातोः लुङि झिप्रत्यये अदीदलन् इति रूपम्।
- **दोधूयन्ते** - धूञ् कम्पने इति धातोः यङि प्रथमपुरुषबहुवचने दोधूयन्ते इति रूपम्।।

**कोष** - ''असुरा दैत्यदैयेदनुजेन्द्रारिपर्वताः'' इत्यमरः।

## पाठगत प्रश्न 11.8

29. यवन राजाओं में विद्वत प्रिय कौन था?
30. किसने दिल्ली की वल्लभता को कलंकित किया?
31. कहां-कहां औरंगजेब की पताका थी?

## 11.10 मूलपाठ

दक्षिणदेशो हि पर्वतबहुलोऽस्ति अरण्यानीसङ्कुलश्चास्तीति चिरोद्योगेनापि नायमशकन्महाराष्ट्रकेसरिणो

हस्तयितुम्। साम्प्रतमस्यैवाऽऽत्मीयो दक्षिणदेशशासकत्वेन 'शास्तिखान'-नामा प्रेष्यत इति श्रूयते। महाराष्ट्रदेशरत्नम्, यवन-शाणित-पिपासाऽऽकुलकृपाणः, वीरता-सीमान्तिनी-सीमन्त-सुन्दर-सिन्दूर-दान-देदीप्यमान-दोर्दण्डः, मुकुटमणिर्महाराष्ट्राणां, भूषणं भटानां, निधिर्नीतीनाम् कुलभवनं कौशलानां पारावारः परमोत्साहनं कश्चन प्रातःस्मरणीयः स्वधर्माऽऽकुलकृपाणः, वीरता-सीमन्तिनी-सीमन्त-सुन्दर-सान्द्र-सिन्दूर-दान-देदीप्यमान-दोर्दण्डः, मुकुटमणिर्महाराष्ट्राणां, भूषणं भटानां, निधि र्नीतीनाम् कुलभवनं कौशलानां परावारः परमोत्साहानां कश्चन प्रातःस्मरणीयः स्वधर्माऽऽग्रहग्रहग्रहिलः, शिव इव धृतावतारः शिववीरश्चास्मिन्पुण्यनगरान्नेदीयस्येव सिंहदुर्गे ससेनो निवसति। विजयपुराध ीश्वरेण साम्प्रतमस्य प्रवृद्धवैरम्। 'कार्यं वा साधयेयं देहं वा पातयेयम्' इत्यस्य सारगर्भा महती प्रतिज्ञा। सतीनां, सतां त्रैवर्णिकस्य, आर्यकुलस्य, धर्मस्य भारतवर्षस्य च आशा-सन्तान-वितानस्यायमेवऽऽश्रयः। इयमेव वर्तमाना दशा भारतवर्षस्य। किमधिकम् विनिवेदयामो योगबलावगतसकलगोप्यतमवृत्तान्तेषु योगिराजेषु इति कथयित्वा विरराम।

**अन्वयार्थ**- दक्षिण प्रदेश में पर्वतों की अधिकता है, घने और बड़े जंगलों से व्याप्त है, इस कारण बहुत अधिक प्रयास करने के बाद भी महाराष्ट्र केशरी को (वह) जीत नहीं सका। 'इसी समय उसी का आत्मीय 'शाइस्ता खाँ' दक्षिण प्रदेश के शासक के रूप में भेजा जा रहा है' ऐसा सुना जाता है। महाराष्ट्र देश के रत्न, यवनों के खून की प्यासी तलवार वाले, वीरता रूपी नायिका के माँग को सुन्दर और घना सिन्दूर दान करने से दैदीप्यमान भुजाओं वाले, मराठों के मुकुटमणि, वीरों के भूषण, नीतियों के निधि, निपुणताओं के कुलगृह' परम उत्साह के सागर, प्रातः स्मरणीय, अपने धर्म (सनातन धर्म) के पालन में दृढ़, अवतार धारण किये हुए शिव के समान महाराज शिवाजी पूना नगर के समीप ही 'सिंहदुर्ग' में सेना सहित रह रहे हैं। इस समय विजयपुर के राजा से इनकी शत्रुता बढ़ी हुई है। 'या कार्य सिद्ध होगा अथवा शरीर नष्ट होगा' इस प्रकार उनकी सारगर्भिता महती प्रतिज्ञा की है। पतिव्रता स्त्रियों, सज्जनों, द्विजों, आर्यों, धर्म और भारतवर्ष के एकमात्र आधार ये ही हैं। यहाँ भारत-वर्ष की वर्तमान दशा है। योगबल से रहस्यात्मक वृत्तान्तों को भी जानने वाले योगिराज 'से मैं क्या अधिक निवेदन करूँ'' इतना कहकर मुनि (ब्रह्मचारी के गुरु) चुप हो गये।

**व्याख्या**- दक्षिण प्रदेश पर्वतबाहुल्य और महारण्य व्याप्त था अतएव औरंगजेब उस पर अधिकार करने में असमर्थ था। औरंगजेब का प्रिय दक्षिण देश के शासक के रुप में 'शास्तिखान (शाईस्तखाँ) नामक था। वहाँ महाराष्ट्र देश का रत्नभूत, म्लेच्छो के रक्त पान की इच्छा सम्पन्न, महाराष्ट्र देशवासी, शेखर रत्नभूत, सैनिकों का अलंकार, राजनीति की निधि, इस प्रकार होता हुआ, प्रातः स्मरणीय सनातन धर्म का दृढपालक, शिव के समान शिववीर (शिवाजी) था। वह सिंहदुर्ग में निवास करता था। उसने विजयपुराधीश की शत्रुता बढाई। ''कार्य वा साधयेयम् देहं वा पातयेयम्'' यह शिववीर का सारगर्भ भीषण संकल्प था। वह ही आर्यो का आश्रय था। इस प्रकार योगिराज को कहकर ब्रह्मचारी रुक गये।

**व्याकरण विमर्श -**

**पर्वतबहुलः**- पर्वतैर्बहुलः पर्वतबहुलः इति तृतीयातत्पुरुषः।

**अरण्यानीसङ्कुलः**- महद् अरण्यम् अरण्यानीति इन्द्रवरुणेति सूत्रेण आनुकि डीपि अरण्यानीशब्दः। अरण्यान्या सङ्कुलः अरण्यानीसङ्कुलः इति तृतीयातत्पुरुषह।

टिप्पणी

**महाराष्ट्रदेशरत्नम्**- महाराष्ट्रदेशस्य रत्नम् इति कर्मधारयसमासः।

यवनशोणितपिपासाकुलकृपाणः- यवनानां शोणितं यवनशोणितम् इति षष्ठीतत्पुरुषः। तस्य पिपासा इति षष्ठीतत्पुरुषः। तया आकुलः इति तृतीयातत्पुरुषः। तादृक् कृपाणो यस्य स इति बहुव्रीहिः।

## पाठगत प्रश्न 11.9

32. दक्षिण देश कैसा था?
33. दक्षिण का शासक किसे नियुक्त किया?
34. शिववीर किसका मुकुटमणि था?
35. शिववीर कहां निवास करते थे?
36. शिववीर कैसा था?

## पाठसार

जब योगिराज ने भारतवर्ष की इस समय की स्थिति को जानने के लिए ब्रह्मचारी से पूछा। तब ब्रह्मचारी ने भारतवर्ष की यवनकृत अवस्था के वर्णन करने में अत्यन्त दुःख का अनुभव किया। अवस्थावर्णन काल में ब्रह्मचारी के हृदय में भारतीयों की दशा का स्मरण करने से करुणा हुई। उसके मत में तो योगिराज को भी यह वर्णन धैर्य च्युत का कारण होगा। उसका भारत दशा वर्णन में कंठ आँसुओं से अवरुद्ध हो गया। फिर भी उन्होंने किसी प्रकार आँखों से आँसू गिराये बिना, आंखों को साफ करके दीर्घश्वास लिया। उस गुरु ब्रह्मचारी ने सकरुणसदृश्य आंखों से उनकी ओर देखकर कहना आरम्भ किया

ब्रह्मचारीगुरु ने यहां सनातन धर्मवलम्बी आर्यों के विषय में खेद प्रस्तुत किया। उसने कहा कि उसकी जिहा वज्र से बनी है। अन्यथा तो भारतीयों में दुष्ट यवनों के अत्याचार के वर्णन से वह जिह्वा कट जाती। इसी प्रकार आर्यो का दृश्य भी वज्र के समान है। जो यवनों के अत्याचार को स्मरण करके भी टूटा नहीं और न ही वह हृदय अग्नि से जला। इस प्रकार आश्रमवासी भी निन्दित हैं क्योंकि इस यवन अत्याचार के समय में भी आर्यवंशी हम साभिमान जीवन धारण, श्वास धारण और संचरण कर रहे है।

इस उपक्रम को सुनकर देखकर ब्रह्मचारियों के आचार्य का मुख लाल, नेत्र अश्रु युक्त, शरीर रोमांचित, कम्पायमान औष्ठ, और अवरुध कंठ को देखकर महामुनि ने यवनात्याचार का वृतान्त अत्यन्त दुःखदायक है यह जाना। उसके बाद मुनिवर ने ब्रह्मचारियों के गुरु के प्रति कहा, वस्तुत काल की गति अनुपमेय है। काल के चक्र से सम्पूर्ण संसार नियंत्रित होता है। सब कुछ वस्तु जात काल के अधीन है काल की दो प्रकार की मूर्ति है सृजनात्मिका और ध्वंसात्मिका। जैसे ही वह काल इस पृथ्वी में रम्यता को धारण करता है वैसे ही वह निर्दय सब को धूलिसात करता है। वह क्षणभर से जंगलों को जनपद बना देता है और अगले ही

पल में नगरों को जंगल बना देता है। पहले काल के प्रसाद से भारत वर्ष में वेद स्मृति पुराण आदि की अनुशीलन परम्परा थी। अब काल के वशीभूत वह सब नष्ट हो गया। तट प्रताप के समान काल की गति क्षणभंगुर होती है। अतएव कालवशीभूत होने से सनातन धर्म को पीडा होती है। यह सोचकर धर्म धारण करना चाहिए क्योंकि चक्र के समान दुःख और सुख होते हैं।

महामद के भारत आक्रमण और सोमनाथ मन्दिर को लुटने का वर्णन है। जब धैर्य, प्रसन्नता, प्रताप, तेज, विक्रम धर्म इत्यादि गुणों का आश्रय विक्रमादित्य स्वर्ग लोक गये तब कोई गजनी नामक स्थान के राजा महामद सेना का लेकर भारतवर्ष आया। वह भारतीयों को मारकर, मन्दिर और प्रतिमाओं को नष्ट करके, बहुत से लोगों को दास बनाकर, बहुत से रत्नों को बल से स्वीकार करके अपनी राजधानी गजनी की ओर गया।

एकबार भारत को लुटने के बाद महामद का लोभ बढ गया। अत: उसने बारह बार भारत पर आक्रमण किया। एक बार उसने गुर्जर प्रदेश के सोमनाथ मन्दिर को लूटा। आज उस तीर्थ का वैसा नाम नहीं है परन्तु प्राचीन तीर्थो में प्रसिद्ध था। उस मन्दिर के द्वार, और स्तम्भ बहुमूल्य वैदूर्य पद्मराग मणि- माणिक्य आदि रत्नों से निर्मित थे। न केवल यह ही अपितु वहां जो ग्रह मन्दिर की भित्ति थी वे सब मणिमुक्तादि से युक्त थे। मन्दिर की दहली के अन्दर सैकड़ो पद्म परागादि बहुमूल्य रत्नों को स्थापित किया गया था। महामद ने उस सब का विनाश करके ले गया। उस मन्दिर में एक घण्टा था वह दो सौ मन सोने से निर्मित था उसकी उज्ज्वलता को देखकर सभी चकित थे। उस महाघण्टा को भी स्वीकार करके तथा उसने गदा से महादेव की मूर्ति को नष्ट किया।

महादेव के विग्रह में गदा प्रहार से पूर्व में ही वहां स्थित पूजकों ने महामद को प्रार्थना की, कि उसने सब कुछ स्वीकार किया। आर्य सेना पराजित हुई अत: महामद उनको पीटे, मारे, चीरे, पर्वतादि ऊँचाई से नीचे फेंके परन्तु महादेव की मूर्ति को स्पर्श नहीं करे। पूजकों ने उसको दो करोड़ स्वर्ण देने की इच्छा की। परन्तु महामद ने कहा मैं मूर्ति का विक्रय नहीं करता हूँ। परन्तु उसको तोडूंगा। इस प्रकार कहकर वह लोगों की क्रन्दक ध्वनि की अवज्ञा करके भीषण गदा से महादेव की मूर्ति पर गदा से प्रहार किया। जब महामद ने गदा से महादेव की मूर्ति पर प्रहार किया तब उससे बहुमूल्य रत्न चारों ओर फैल गये। वह पापी उन रत्नों और महादेव की मूर्ति के खण्डों को ऊँट की पीठ पर स्थापित करके अपनी राजधानी गजनी ले गया।

1087 ई- में महामद की मृत्यु के बाद गोरदेशवासी शहाबुद्दीन नामक गजनी राजधानी जाकर महामद वंशीय शासकों को मार दिया। उसके बाद प्रजाजनों को पशुवत् हरण करके अनेक सैन्य सहित भारतवर्ष में प्रवेश किया। लोगों को अपनी तलवार से मारता हुआ 1250 ई- में विक्रम संवत् में दिल्ली पर अधिकार किया।

शत्रु छिद्र का आश्रय लेकर प्रवेश करते है। पृथ्वीराज और जयचन्द्र के भेदच्छेद का आश्रय लेकर शहबुद्दीन यवनराज ने भारत पर आक्रमण किया। उसने सभी भारतीयों को पराजित करके अपने राज्य को निष्कष्टक किया। शहाबुद्दीन ने काशी नगरी में अस्थि पर्वत निर्मित किया। तरंगबहुल भागीरथी गंगा को भी रक्तरञ्जित किया। हजार से अधिक देवालयों को खण्डित किया। शहाबुद्दीन ने ही प्रधान रुप से भारत वर्ष में यवन शासन का अंकुररोपण

किया। शहाबुद्दीन का ही कुतुबुद्दीन नामक अनुचर भारत वर्ष का प्रथम शासक हुआ।

कुतुबुद्दीन से आरम्भ होकर इस समय तक यवनराज्य है यह ब्रह्मचारीगुरु ने बताया। दुष्ट यवनशासकों में एक अकबर शाह नामक राजा शान्तिप्रिय था। उसका प्रपोत्र अत्यन्त दुष्ट राजा शासन कर रहा था। उसका ध्वज केकेय, मत्यस्य, मगध, अंग, वंग, कलिग आदि देशों में फैल रहा था। केवल दक्षिण प्रदेश में अवरंगजीब (औरंगजेब) का पूर्ण अधिकार नहीं था।

दक्षिण प्रदेश पर्वत बाहुल्य और महारण्य व्याप्त था अतएव औरंगजेब उस पर अधिकार करने में असमर्थ था। औरंगजेब का प्रिय दक्षिण देश के शासक के रूप में शास्तिखान (शाईस्तखाँ) नामक था। वहाँ महाराष्ट्र देश का रत्नभूत, म्लेच्छों के रक्त पान की इच्छा सम्पन्न, महाराष्ट्रदेशवासी, शेखररत्नभूत, सैनिकों का अलंकार, राजनीति की निधि, इस प्रकार होता हुआ, प्रात: स्मरणीय सनातन धर्म का दृढ़पालक, शिव के समान शिववीर (शिवाजी) था। वह सिंहदुर्ग में निवास करता था। उसने विजयपुराधीश की शत्रुता बढ़ाई। ''कार्य वा साधयेयम् देहं वा पातयेयम्'' यह शिववीर का सारगर्भित भीषण संकल्प था। वह ही आर्यो का आश्रय था। इस प्रकार योगिराज को कहकर ब्रह्मचारीगुरु रुक गये।

## आपने क्या सीखा

- यवनों के दुराचार को जाना।
- कालकलाप को जाना।
- महामद के आक्रमण राज्यध्वंस को जाना।
- यवनों के राज्यारम्भ को जाना।

## पाठान्त प्रश्न

1. सोमनाथ मन्दिर लुटने के वृतान्त का वर्णन कीजिए।
2. महामद के भारत आक्रमण का वर्णन कीजिए।
3. दक्षिण देश का वर्णन कीजिए।
4. अथ ''वीर, गृहीतमखिलं वित्तम्, पराजिता आर्यसेना:, बन्दीकृता वयम्, सञ्चतममलं यश:, इतोखपि न शाम्यति ते क्रोधश्चेदस्मान् ताडय, मारय, छिनिध, भिन्धि, पातय, किन्तु त्यजेमाम् अकिञ्चित्करीं जडां महादेवप्रतिमाम्। यद्येवं न स्वीकरोषि तद् गृहाणोऽन्यदपि सुवर्णकोटिद्वियम्, मैनां भगवन्मूर्ति स्प्राक्षी:'' – इति साम्रेडं कथयत्सु रुदत्सु प्रणमत्सु च पूजकवर्गेषु नाहं मूर्तिविक्रकीणामि, किन्तु भिनद्मि इति सङ्गर्ज्य जनताजा हाहाकार–कलकलमाकर्णयन् घोरगदया मर्तिमतुत्रुटत्। गदापातसमकालमेव चानेकार्बुदपद्ममुद्रा मूल्यानि रत्नानि मूर्तिमध्यादुच्छलितानि परितोऽवाकीर्यन्त। स च दग्धमुख: तानि रत्नानि मूर्तिखण्डानि च क्रमेलकपृष्ठेष्वारोप्य सिन्धुनदमुत्तीर्य स्वकीयां विजयध्वजिनीं गजिनीं नाम राजधानीं प्राावियात्। की व्याख्या कीजिए।

टिप्पणी

## पाठगत प्रश्नों के उत्तर

**11.1**

1. आर्यों की दम्भोलिघटिता जिह्वा थी।

2. आर्यों का वज्रसारमय हृदय था।

3. दम्भोलिना घटिता दम्भोलिघटिता इति तृतीयतत्पुरुष समास।

**11.2**

4. सम्पूर्ण अनर्थमय, सकल वंचनामय, सम्पूर्ण पापमय, उपद्रवमय, यवन दुराचार था।

5. विलक्षण भगवान सकल कला कलाप कलन-सकलकालन कराल काल था।

6. काल सिंह, व्याघ्र, भालू, गैंडा, खरगोश आदि हजारों पशुओं से व्याप्त अरण्य को जनपद बना देता है।

7. काल मन्दिर प्रासाद आदि से बने नगर को अरण्य बनाता है।

**11.3**

8. विक्रमादित्य धर्म प्रसाद प्रताप तेज वीर्य विक्रम और शान्ति के साथ स्वर्ग गये।

9. गजिनीनामकं स्थानं इति अजिनीस्थानम् शाकपार्थिवादिसमास तत्र निवासी सप्तमीतत्पुरुष।

10. राजाओं में परस्पर शत्रुता बढी तब महामद ने आक्रमण किया।

11. भारतीयों को मारकर, मन्दिरों और प्रतिमाओं को नष्ट करके लोगों को दास बनाकर बहुत से धन रत्नों को लेकर गजनी की ओर गया।

**11.4**

12. 12 बार भारत को लुटा।

13. सोमतीर्थ को धूलीसात् किया।

14. द्विशतसुवर्णपरिमित घण्टा को स्वीकार किया।

15. गुर्जरदेशस्य चूडायितं गुर्जरदेशचूडायितम् - षष्ठीतत्पुरुष।

**11.5**

16. मैं मूर्ति का विक्रेता नहीं हूं किन्तु तोड़ता हूँ।

17. अनेक अर्बुद पद्म मुद्रामूल्य वाले रत्न मूर्ति से निकल कर फैल गये।

18. दग्धं मुखं यस्य स - दुग्धमुखः - बहुव्रीहिसमास।

11.6

19. 1087 विक्रम शताब्दी में मरा।

20. शहाबुद्दीन राजा बना।

21. 1250 ई. वि.सं. में।

22. शीतलानि शोणितानि येषां ते शीतलशोणिता तानि इति बहुव्रीहिसमास।

11.7

23. पृथ्वीराज।

24. जयचन्द।

25. शोणितशोणा (रक्तरंजित)।

26. शहाबुद्दीन।

27. कुतुबुद्दीन।

28. रिंगन्तरंगभंगा – तरंगाणां भंगा – तरंगभंगा षष्ठीतत्पुरुष।

11.8

29. अकबरशाह।

30. औरंगजब ने।

31. केकय, मत्स्य, मगध, अंग, बंग और कलिंग में।

11.9

32. पर्वतबहुल व सघन अरण्य वाला था।

33. शास्तिखान (शाईस्त खां)।

34. महाराष्ट्र का।

35. सिंह दुर्ग में

36. सतीना सतां, तीनो वर्णो का, आर्यकुल का, धर्म का, भारतवर्ष का, भाश-सन्तान वितान का आश्रय था।